मनोहर लाल
MANOHAR LAL

सत्यमेव जयते

D.O. No. CMH-2018 /..................................

मुख्य मन्त्री, हरियाणा,
चण्डीगढ़।
CHIEF MINISTER, HARYANA,
CHANDIGARH.

Dated 1-1-2018

संदेश

मुझे यह जानकर हर्ष हुआ कि विश्व हिन्दी परिषद् द्वारा 10 जनवरी, 2018 को नई दिल्ली में विश्व हिन्दी दिवस का आयोजन किया जा रहा है । इस अवसर पर 'विश्व हिन्दी परिषद्' स्मारिका भी प्रकाशित की जाएगी।

ऐसे आयोजन राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में हिन्दी भाषा और भारतीय साहित्य एवं संस्कृति को लोकप्रियता की नई ऊँचाइयों पर पहुंचाने का काम करते हैं । इसलिए ऐसे आयोजन नियमित रूप से किये जाने चाहिएं ताकि हम अपनी राष्ट्र भाषा, हिन्दी को जनमानस में प्रचारित व प्रसारित करने के साथ–साथ इसे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिला सकें ।

हिन्दी न केवल हमारी राष्ट्र भाषा है बल्कि राज भाषा भी है । स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान हिन्दी ने देशवासियों को एकता के सूत्र में बांधने में अहम भूमिका निभाई थी । हिन्दी भाषा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस भाषा में नवीन शब्दों के निर्माण की क्षमता और अन्य भाषाओं के शब्दों को ग्रहण करने की उदारता है । हम सभी का संवैधानिक कर्तव्य है कि हम अपने रोज़मर्रा के कामकाज में हिन्दी भाषा का अधिक से अधिक प्रयोग करें।

मैं विश्व हिन्दी दिवस के सफल आयोजन की मंगलकामना करता हूँ।

मनोहर लाल

(मनोहर लाल)